## विनोबा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ मल्लखंब कार्यक्रम



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में शुक्रवार को 'फिट इंडिया वीक' के अंतर्गत मल्लखंब कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पद्मश्री उदय विश्वनाथ देशपांडे, हूनरबाज देश की शान-2022 के विजेता आकाश सिंह, और साक्षी संदेश मांजरेकर ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो डॉ पवन कुमार पोद्दार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ राम कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उदय विश्वनाथ देशपांडे और बीएसएफ, हजारीबाग के सेकंड-इन-कमांड सुरेंद्र मलिक ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पद्मश्री उदय विश्वनाथ देशपांडे, जिन्हें 'मल्लखंब के पितामह' के रूप में जाना जाता है, ने इस प्राचीन भारतीय खेल को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने 50 से अधिक देशों में 5,000 से अधिक लोगों को मल्लखंब का प्रशिक्षण दिया है। इस अवसर पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स से आमंत्रित अतिथि, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन पुष्कर कुमार पुष्प, एसआरएफ, अर्थशास्त्र विभाग, वीबीयू ने किया।

## रंजीत कुमार ने 120 कंबल बांटे



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने जरूरतमंद वृद्ध महिला पुरुष के बीच 120 कंबल का वितरण किया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों ने कंबल प्राप्त कर खुशी जाहिर की। मौके पर रंजीत कुमार ने कहा कि अपने पंचायत में हर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है। बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में अब तक कुल लगभग 1250 जरूरतमंद महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया जा चुका है। मौके पर उपस्थित लोगों में पंचायत सेवक अशोक नारायण तिवारी, रोजगार सेवक दीपक कुमार, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, वार्ड सदस्य सुरेंद्र कुमार, अनिता कुमारी, ममता देवी, शीला देवी, सोनी कुमारी, सुलेखा कुमारी ,रश्मि कुमारी, बुधन तुरी, पुष्पा देवी, अभिमन्यु पासी के अलावा अन्य अनुपस्थित थे।

## मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में जिला न्याय सदन सभागार में जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को शीघ्र सस्ता और शुलभ न्याय दिलाने में मल्टी स्टेक होल्डर्स की भूमिका अत्यंत ही सराहनीय है। श्री कुमार ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न कानूनों में कई प्रकार के बदलाव किये जा रहे है, इसको धयान में रखते हुए समय के अनुसार मानसिक रूप से तैयार रहने की जरुरत है। कोई किसी को सिखाता नहीं है सोसायटी स्वयं सिखने के लिए बाध्य करती है कार्य क्षेत्र में यदि आपको सबसे आगे बढ़ना है तो अपनी जानकारी को अद्यतन रखते हुए अपनी सोच भी ऊंची रखनी होगी। पोक्सो और जुवेनाइल जस्टिस में पीडिता को न्याय सुलभ करने को लेकर मल्टी स्टेक होल्डर्स के रूप में पीड़ित अथवा पीडिता को न्याय दिलाने के लिए पुलिस, बाल कल्याण समिति, चिकित्सा पदाधिकारी, लोक अभियोजक व अधिवाक्ताओं की भूमिका काफी अहम है। इस कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित लोगो को दायित्व बोध करते हुए उन्हें हिदायत की गयी कि किसी भी मामले की गवाही के दौरान अनुसंधानकर्ता को पूरी तरह तैयारी करके जवाब देने की जरुरत है। कार्यशाला में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल नवल किशोर ने भी कई कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रणजीत कुमार सिंह ने किया। इस कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के पैनल अधिवक्ता, एल ए डी सी एस के अधिवक्ता, मध्यस्थ और पारा लीगल वोलेनटियर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त ऋतुराज शामिल हुए। कार्यक्रम में रंगोली, क्वीज और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लिंग भेद और लिंग चयन जो कि बालिकाओं के जन्म और उनके अस्तित्व को जोखिम में डालता है, उस मानसिकता का त्याग, लड़कियां जन्म लें, उन्हें समान प्यार व शिक्षा मिले और देश का सशक्त नागरिक बनने का समान अवसर मिले। जन्म पूर्व लिंग पहचान के आधार पर हो रही कन्या भ्रूण हत्या को व्यक्तिगत रूप से और सामूहिक रूप से समाप्त करने की मुहिम में अपना भर-पूर सहयोग करने और अपने देश की महिलाओं और पुरुषों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश का प्रचार प्रसार करने का शपथ दिलाया गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की समेत पदाधिकारी व विद्यालय के शिक्षक ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर कर और शेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर बाल विवाह रोकने का संदेश दिया।

## झुमरीतिलैया में युवक ने लगायी फांसी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के गांधी स्कूल रोड में रहने वाले एक युवक ने बीती रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मोहित कुमार पिता राजेंद्र प्रसाद वर्णवाल के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के भाई ने बताया कि गुरुवार की रात मोहित बाजार से घर के लिए कुछ सामान लेकर आया था। इसके बाद जब उसे खाना खाने के लिए कहा गया तो उसने तुरंत आने की बात कही और अपने कमरे में चला गया। इसके बाद काफी देर तक मोहित के कमरे से बाहर नहीं आने पर जब भाई ने खिड़की से झांक कर देखने पर मोहित फंदे से झूलता हुआ पाया गया। इसके बाद उसके भाई ने खिड़की को तोड़कर कमरे में प्रवेश कर उसे फंदे से उतरा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट को लेकर बैठक

# केंद्र सरकार से झारखंड को मिली राशि का समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र दें : मुख्य सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जानेवाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है। उन्होंने कहा कि खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण ससमय देने से उस मद में बची राशि पर दावा मजबूत होगा। साथ ही वित्तीय अनुशासन के साथ ससमय योजना पूरी करने वाले राज्य के रूप में भी हमारी पहचान बनेगी।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाता है। मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआइ) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं।

# मंईयां योजना में त्रुटियां सुधारने के लिए सीटू ने किया अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**झुमरीतिलैया।** मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री में प्रज्ञा केंद्रों और कंप्यूटर ऑपरेटरों के द्वारा की गयी त्रुटियों को अविलंब सुधार कर लाभुकों का भुगतान करने की मांग को लेकर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले शुक्रवार को सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व चिल्ड्रेन पार्क से एक जुलूस भी निकाला गया जिसमें मंईयां योजना के आवेदन में त्रुटि सुधार करो, पोर्टल चालू कर नया आवेदन स्वीकार करो, लंबित सर्वजन पेंशन को स्वीकृत करो आदि नारे लगाये जा रहे थे। अंचल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन और सभा की अध्यक्षता सीटू और निर्माण कामगार यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने किया। जबकि संचालन शंभु पासवान ने किया। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि हेमंत सरकार की लोकप्रिय योजना मंईयां सम्मान योजना, जिसके लिए हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने थोक में हेमंत सरकार के पक्ष में वोट किया और भारी बहुमत से दुबारा सरकार भी बनी। इसके बावजूद राज्य की हजारों महिला इस योजना से वंचित है। ऑनलाइन आवेदन में बैंक खाता और आईएफएससी कोड गलत भरे जाने के कारण उनका भुगतान नहीं हो रहा है। सैकड़ों महिलाएं सुधार के लिए रोज अंचल कार्यालय आती है और निराश होकर चली जाती है। सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि अफसरों की लापरवाही के कारण हजारों महिलाओं को पैसा नहीं मिल रहा है। जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि 15 दिनों के अंदर त्रुटियां सुधार कर भुगतान नहीं किया जाता है तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए सीटू मजबूर हो जायेगा। प्रदर्शन के बाद 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और वार्ता किया। बीडीओ ने मईयां योजना का साइट खुलने पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में महेन्द्र तुरी, नागेश्वर दास, शंभू पासवान, राजेन्द्र पासवान, मुश्ताक खान, मुन्ना ठाकुर, बालेश्वर राम, बसंती देवी, जीतन तुरी, बिनोद तुरी, महेन्द्र यादव, करुणा देवी, रीना कुमारी, पूनम देवी, रेखा कुमारी, आशा देवी, सुनीता देवी, शारदा देवी, मालती देवी, मुन्नी देवी, यशोदा देवी, पिंकी देवी, रेखा देवी सहित बड़ी संख्या में मंईयां योजना से वंचित महिलाएं शामिल थी।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर जनता दल यूनाइटेड के नेताओं ने झील रोड स्थित उनके आदम का प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता, वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल, अल्पसंख्यक के प्रदेश सचिव रोमी सलूजा, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर उपस्थित थे। माल्यार्पण के बाद सभी ने जननायक के कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर एक महान नेता और सादगी के प्रतीक थे।

## कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया




**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती कर्पूरी ठाकुर चौक पर धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता शिवनंदन कुमार शर्मा ने और संचालन झारखंड आंदोलनकारी बहादुर प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के आदमपुर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारंभ की गयी। अधिवक्ता शिवनंदन कुमार शर्मा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के विचारों और आदर्शों का व्याख्यान करते हुए बताया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की जीवन शैली काफी सादगी पूर्ण रही है और उन्होंने आम जनजीवन के लिए ही अपना जीवन समर्पित कर दिया था। मौके पर मरकच्चो थाना के पूर्व थाना प्रभारी नगीना पासवान, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, डोमचांच से अध्यक्ष राजेश शर्मा, बसंत मेहता, भुवनेश्वर ठाकुर, किशोर शर्मा ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, राजू ठाकुर, दामोदर मोदी, रणविजय सिंह, परमेश्वर मेहता उपस्थित थे।

# इस बार गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर दिखेंगे हजारीबाग के पांच लोग

### गणतंत्र दिवस पर परेड देखने को लेकर मिला निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** गणतंत्र दिवस की तैयारी जोर-शोर से पूरे देश भर में चल रही है। देश 76वां गणतंत्र मना रहा है। इस दौरान कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन काम किये हैं। उन लोगों को कर्तव्य पथ पर परेड देखने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। हजारीबाग के लिए या बेहद गर्व की बात है की पांच लोगों का नाम इस बाबत चयन किया गया है। जिसमें चूरचू प्रखंड की बासमती मुर्मू, कटकमसांडी के लुपूंग की रहनेवाली बिना देवी, हजारीबाग कन्हरी रोड के निकट रहने वाले सुरेंद्र प्रसाद सिंह, एनएसएस की खुशबू रानी और कृषि के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले खिरोधर साव शामिल है। सभी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर परेड देखने के लिए हजारीबाग से रवाना भी हो गये हैं। सभी के चेहरे में खुशी देखने को मिली कि उनके किये गये काम को केंद्र सरकार ने तवज्जो मिली है। यही कारण है कि करोड़ों लोगों की भीड़ में चयन हुआ है। 76वें गणतंत्र दिवस को भव्य और यादगार बनाने के लिए कर्तव्य पथ पर तैयारी चल रही है। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए परेड में अलग-अलग क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को निमंत्रित भी किया गया है। जो गणतंत्र दिवस के भव्य परेड का हिस्सा बनेंगे। इसमें हजारीबाग के सुरेंद्र प्रसाद सिंह भी शामिल है। सुरेंद्र प्रसाद सिंह को वन विभाग की ओर से जानकारी मिली कि उन्हें गणतंत्र दिवस के परेड देखने को लेकर निमंत्रण मिला है। गणतंत्र दिवस का निमंत्रण पाकर सुरेंद्र प्रसाद सिंह काफी उत्साहित भी हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण बचाने को लेकर पिछले 45 साल से मुहिम चला रखे हैं। हजारीबाग के दूध मटिया जंगल में रक्षा सूत्र बांधकर वृक्षों का रक्षा करने का कवायत शुरू किया गया। उनके काम को देखते हुए गणतंत्र दिवस में हिस्सा लेने को लेकर निमंत्रण मिला है। उन्होंने कहा कि इस तरह का निमंत्रण से इस उम्र में और भी अधिक काम करने का जज्बा को बढ़ाता है। निमंत्रण पाकर केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है। हजारीबाग चूरचू प्रखंड निवासी बासमती मुर्मू ग्राम गोंदवार की रहने वाली है। जो गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर कार्यक्रम का हिस्सा बनने जा रही हैं। उन्हें विभाग की ओर से सूचना मिली कि उनका चयन दिल्ली जाने को लेकर हुआ है। दिल्ली गणतंत्र दिवस के परेड का हिस्सा बनेगी। इसे लेकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। हजारीबाग में सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सेविका है। उनके बीच चयन होना या दिखता है कि वह अपने काम के प्रति ईमानदार हैं।

## टाटीझरिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति ने सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, टाटीझरिया में जांच शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन, प्रमुख संतोष मंडल, उप प्रमुख रवि वर्णवाल, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, डॉ अरुण कुमार सिंह, निधि नारायण, मुखिया डहर भंगा रेखा देवी, टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, पंसस पुष्पा देवी, एमके पाठक, कैलाशपति सिंह, महेश अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय, योधी प्रसाद यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबको साल में कम से कम एक बार अपनी स्वास्थ्य की जांच करानी ही चाहिए। बीडीओ ने कहा कि काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचें और स्वास्थ्य की जांच कराये, यह अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता है। डॉ के सिंह ने कहा कि जैसे हमलोग पोलियो से, मलेरिया से और चेचक से लगभग मुक्ति पा लिए हैं, वैसे हीं हमे कुष्ठ से मुक्ति पाना है। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है,उसमें आप सब जनप्रतिनिधियों का सहयोग आवश्यक है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जांच किया जा रहा था। जिसमें आंख स्पेशलिस्ट, दंत चिकित्सक, जनरल वार्ड, बीपी -शुगर आदि का जांच, कुष्ठ जांच, मलेरिया जांच और योग द्वारा रोगों से मुक्ति शिविर भी लगाया गया था। शिविर में डा सैयद जफर हसन, डॉ रविशंकर प्रसाद, डॉ होरो, डॉ शिवांगी, डॉ प्रशांत, पुष्पा श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, नीरज कुमार, सतीश कुमार, कविता कुमारी, किरण सौरभ, शिव शंकर पांडेय, स्नेहलता सिन्हा, पूनम कुमारी, विनय कुमार, बैजनाथ कुमार समेत क्षेत्र की सहिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन कार्यालय, हजारीबाग में आज रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी बैधनाथ कामती पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर मनोज सिंह, मोटर यान निरीक्षक सहित जिला परिवहन कार्यालय और पुलिस विभाग के कई कर्मचारी और पदाधिकारी सहित 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सर्व प्रथम जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा सभी उपस्थित कर्मियों और प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलायी गयी और उनको अपने नजदीकी न्यूनतम तिन लोगों से यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाने की बात की। इसके पश्चात जिला परिवहन कार्यालय से त्रिमूर्ति चौक होते हुए मैराथन का आयोजन किया गया, जो दो ग्रुप में विभाजित की गयी। एक ग्रुप में लडको के बिच दौड़ करायी गयी, जिसमें लगभग 600 पतिभागीयों ने हिस्सा लिया। जबकि लड़कियों के ग्रुप में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पुरुषों के दौड़ में प्रथम द्वितीय और तृतीय प्रतिभागी क्रमश कामेश्वर मेहता, राज राजपूत, सुजीत कुमार मेहता, महिलायों के दौड़ में क्रमश तरुण कुमारी, मंजू कुमारी और रानी कुमारी प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। जिन्हें ट्रौफी और सड़क सुरक्षा लोगों लगा जर्सी प्रदान की गयी। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के प्रति लोगों को जागरूक करना था। जिला परिवहन पदाधिकारी श्री कामती के द्वारा लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि जितने लोग आज बीमारियों से नहीं मरते उससे अधिक लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवां रहे है। लोग कड़ाई से यातायात नियमों का पालन करे और खुद भी सुरक्षित रहे और दुसरों को भी सुरक्षित रखे।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनी



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के निकट नाई समाज के द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक कर्पूरी ठाकुर का जयंती प्रखंड अध्यक्ष शंकर ठाकुर के नेतृत्व में मनायी गयी। संचालन महावीर ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीप सदस्य सविता सिंह, प्रमुख नितू कुमारी, बीडीओ अमृता सिंह, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, मुखिया संध अध्यक्ष आलोक सिंह, सुखदेव यादव, केदार यादव, रामजीत रंजक ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र के समकक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और पुष्प माला अर्पित कर किया। जिसके बाद मुख्य अतिथियों को बुके देकर और माला पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कही की कर्पूरी ठाकुर एक महान जन नायक थे उन्होंने अपने पुरी जीवन दुसरों की सेवा करने में बिता दिये उनके पास अपने पुत्र को भी देने के लिए कुछ भी नहीं था। आलोक सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा प्रखंड मुख्यालय परिसर में भी लगाया जाना चाहिए। जीप सदस्य सविता सिंह ने कही की कर्पूरी ठाकुर एक सच्चे जन सेवक थे लोगों को उनके सिद्धांतों पे चलना चाहिए। मौके पर गौरी शंकर ठाकुर, श्रीकांत ठाकुर, नारायण ठाकुर, अशोक ठाकुर, विजय ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, नंदलाल ठाकुर, किशोर ठाकुर, बुलाकी ठाकुर, सुबोध कुमार, कलू ठाकुर, भारत ठाकुर, अनिल ठाकुर, उमेश ठाकुर, सिकंदर ठाकुर, महेंद्र ठाकुर इत्यादि लोग शामिल थे।

## जोरदाग में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जोरदाग स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में स्थानीय ग्रामीणों की एक आमसभा शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। आमसभा में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुर्नगठन हेतु सोलह सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें दो सदस्यों को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समेत अन्य को सरस्वती वाहिनी माता समिति का सदस्य पद पर चयन किया गया। साथ ही सर्व सहमति से चयनित सदस्यों के बीच किशोर साव को अध्यक्ष और देवंती देवी को उपाध्यक्ष जबकि अनीता देवी को संजोजिका के पद पर चयन किया गया। सरस्वती वाहिनी माता समिति में अनीता देवी, रूबी देवी, कैलाश साव, गीता देवी, मनोज राम, रीता देवी वार्ड सदस्य भूमिका देवी, नरेश ठाकुर, पंकज महतो, कुलेश्वर भुईया और उर्मिला देवी को सदस्य के रूप में चयन किया गया। इस मौके पर प्रमुख सुनीता देवी, समाजसेवी प्रेम रंजन पासवान, रामकुमार साव, संजय साव, भुवनेश्वर राम, प्रधानाध्यापक कालो राम, अखिलेश पासवान, जागेश्वर साव, खिरोधर साव, कुलदीप साव, श्याम देव साव, प्रदीप साव, सुरेश रजक, दिनेश महतो, रूपलाल साव और चंदन गुप्ता समेत विद्यालय के कार्यरत शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# नाबालिग का यौन शोषण करने के आरोप में मोहम्मदगंज के स्टेशन मास्टर और सहयोगी महिला रेल कर्मी गिरफ्तार

## मां के जेल जाने के बाद स्टेशन मास्टर के घर में काम करने के दौरान किया यौन शोषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक महिला समेत रेलवे के दो कर्मियों को गिरफ्तार किया है। उनपर घर में काम करने वाली नाबालिक लड़की के साथ यौन शोषण करने का आरोप है। पकड़े गये लोगों में मोहम्मदगंज के स्टेशन मास्टर अमरीश भारतीय और जपला स्टेशन की महिला कर्मचारी रीना कुंवर शामिल हैं। नाबालिग को बहला-फुसलाकर



यौन शोषण का मामला प्रकाश में आने के बाद पोक्सो एक्ट के तहत दोनों की गिरफ्तारी हुई है। नाबालिग लड़की रेलवे कर्मचारी रीना कुंवर की रिश्तेदार है। नाबालिग की मां जेल चली गई, तो वह रीना के पास रहने लगी। रीना कुंवर उस नाबालिग को अंबरीष भारतीय के यहां काम करने के लिए भेजती थी। उसके बाद वह अमरीश भारतीय के यहां ही रहने लगी। इस मामले में रेलवे का एक अन्य कर्मचारी शर्मा प्रसाद अब भी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक घर में काम करने वाली नाबालिग को स्टेशन मास्टर ने बहला-फुसलाकर उसका यौन शोषण करना शुरू किया। इसमें एक अन्य रेलवे कर्मचारी शर्मा प्रसाद भी शामिल हो गया। नाबालिग की मां जब जेल से बाहर आई, तो उसे पता चला कि रेल कर्मी ने उसकी बेटी का यौन शोषण किया है। इसके बाद नाबालिग की मां ने जपला थाने में अमरीश भारतीय, शर्मा प्रसाद और रीना कुंवर के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरा आरोपी शर्मा प्रसाद फरार है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। पुलिस के वरीय पदाधिकारी ने महिला समेत दो लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि भी की है।

# शिक्षा के साथ बच्चों का कौशल विकास भी जरूरी है : विधायक

**हर्षोल्लास के साथ मनाया गया किड्स जोन विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** हैदरनगर के उच्च विद्यालय रोड में किडस जोन लर्निंग स्कूल में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव भी शामिल हुए। जहां विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन स्कूल के संचालक कामरान खान ने की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश और प्रतियोगिता के दौर में शिक्षा के साथ ही बच्चों को कौशल विकास की ओर प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों की शिक्षा की नींव रखी जाती है। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की भी सराहना की। कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को सोचने समझने की क्षमता विकसित करती है। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में 160 विद्यालयों की स्थापना की बात दोहरायी। कहा कि इस बार भी क्षेत्र में शिक्षण व्यवस्था में सुधार के लिए बेहतर प्रयास जारी है। वहीं, बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों से खूब वाह वाही बटोरी। इस मौके पर राज अली, विवेकानंद सिंह, राजद नेता रिजवान खान, परवेज खान, असलम खान, शमीम खान, सज्जू खान, फैयाज खान, लल्लू सिंह, बबलू कुमार, रहमान खान आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से मिले पत्रकार रिंकू, पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर निवासी पत्रकार धर्मेंद्र कुमार उर्फ रिंकू सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने जिले के पत्रकारों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और छतरपुर की विभिन्न अव्यवस्थाओं को सुधारने की मांग की। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी पत्रकारों के हित में जल्द ही सुरक्षा बीमा योजना और कानून अधिनियम लागू करने का आश्वासन दिया।

## चैनपुर में मनी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती नाई महासभा, अखिल भारतीय नाई महासंघ सहित अन्य संगठनों की ओर से आयोजित की गयी। चैनपुर के टेंपो स्टैंड स्थित कपूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। नाई महासभा, अखिल भारतीय नाई महासंघ के सदस्यों के साथ ही संत मैरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, अजय सिंह चेरो, रवि पाल, प्रदेश अध्यक्ष विजय ठाकुर आदि ने माल्यार्पण कर नमन किया।

## पांकी में मनायी गयी भारत रत्न जननायक कर्पूरी की जयंती

# समाज को कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेनी चाहिए : डॉ शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** राष्ट्रीय नाई महासभा इकाई के तत्वाधान में शुक्रवार को पांकी के कर्पूरी ठाकुर चौक पर भारत रत्न जननायक कर्पूरी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पांकी के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के अलावा पलामू जिला नाई समाज के अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने कर्पूरी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि जननायक कर्पूरी जी जीवन भर राजनीति को जनसेवा के रूप में अपनाएं और गरीबों व वंचितों को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करते रहे। समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देश एवं समाज



जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पांकी विधायक व अन्य।

हित में एक से बढ़कर एक काम किया। विधायक ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर पिछड़ों एवं दलितों के मसीहा थे। जननायक कर्पूरी ठाकुर का पांकी में प्रतिमा लगाया जा रहा था। पर कुछ सामंतवादी विचारों के लोग विरोध कर रहे थे। ऐसी ताकतों के खिलाफ जमकर आंदोलन चलाया गया। विधायक ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी को अच्छी राजनीति की पहचान की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित किया। वहीं, राष्ट्रीय नाई महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर ने कहा कि गरीब, शोषित व पीड़ित के आवाज थे जननायक कर्पूरी ठाकुर। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी आम लोगों की सेवा में ही लगा दिए। आज जरूरत है लोगों को उनके बताए मार्ग पर चलने की। कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर एक गरीब परिवार में पले बढ़े और एक सर्वोच्च पद पर जा पहुंचे और देश का नाम रोशन किया। आज उन्हीं के बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, नाई सभा के जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर, युवा उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, सुदेश्वर ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर, जनेश्वर ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, सुनील ठाकुर, रंजय ठाकुर, पंकज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि मींटी कुमार वर्मा, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, सुनील गुप्ता, ललित मेहता, डॉ रामचरित्र सिंह, चंदन गुप्ता, कार्तिक सिंह, यसवंत मेहता, साधु मांझी और जयकिशोर प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# खेल से अनुशासन, टीम भावना व नेतृत्व क्षमता विकसित होती है : प्रो राजकिशोर

**जीसीपीए कॉलेज में शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में वार्षिकोत्सव खेल कूद का समापन**

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के छतरपुर नगर पंचायत के सड़मा स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने कुर्सी रेस, कैरमबोर्ड, लूडो, बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल और क्रिकेट जैसी कई प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर कॉलेज के प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो राजकिशोर लाल ने कहा कि खेल सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक विकास को भी सशक्त बनाता है। यह छात्रों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**क्रिकेट में 'अकास टीम' ने मारी बाजी :** अंतिम दिन का मुख्य आकर्षण क्रिकेट का जबरदस्त मुकाबला रहा, जिसमें 'अकास टीम' विजेता घोषित हुई। इस रोमांचक मैच में अंपायर की भूमिका सफल कुमार एवं सतेंद्र कुमार ने निभाई, जबकि प्रो अमित कुमार सिंह ने कॉमेंट्री की। मैच में आकाश की टीम ने 12 ओवर में 123 रनों की पारी खेली, वहीं निरंजन की टीम ने 12 ओवर में 61 रन ही बना पायी। इस प्रकार आकाश की टीम ने 62 रनों से जीत दर्ज की। इस वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने में खेल प्रभारी प्रो रोहित कुमार, सहयोगी मुन्नी देवी, अंजलीना खाखा, सफल कुमार मेहता, जलेश्वर गुप्ता और पंचम कुमार ने सराहनीय भूमिका निभाई। दूसरी ओर, प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राएं उत्साहित हैं और गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सम्मान प्राप्त करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना हमारी प्राथमिकता: पांकी विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुक्रवार को भव्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। जिसका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, सांसद प्रतिनिधि ललित सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ बिनोद कुमार, डॉ रेयाज अनवर, मनप्रीत कुमार,




अनुज सिंह, साधु मांझी, सुमित पांडे आदि उपस्थित थे। इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए कुल 20 स्टॉल लगाए गए, जिनमें मुफ्त चिकित्सा परामर्श, दवाओं का वितरण, स्वास्थ्य जांच और जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम शामिल थे। विधायक ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत और सेवा भावना की सराहना की। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इस शिविर से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी। उधर, शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। रक्त जांच, आंखों की जांच, टीकाकरण और पोषण परामर्श जैसी सुविधाओं ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शिविर का आयोजन क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# परोपकार के लिए ही धरती पर अवतरित होते हैं संत, सरोवर व तरुवर : डॉ कौशल

**पर्यावरणविद ने नेताजी की जयंती पर संतो को पौधा देकर कुंभ के लिए विदा किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मां भारती के वीर सपूत और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर 16 संतो को प्रयागराज के महाकुंभ स्नान के लिए संतो को हिमाचल का कपूर और थाईलैंड के बारहमासी आम का पौधा दान कर विदा कर आशीर्वाद लिया। डॉ



कौशल ने उन्हें पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ ही आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। उन्होंने सभी संतो को फूल माला के साथ अंगवस्त्र प्रदान कर सुरक्षित वाहन उपलब्ध कराकर जपला रेलवे स्टेशन भेजा। उन्होनें सभी संतो को आर्थिक सहयोग भी किया। ट्री मैन डॉ कौशल ने कहा कि जिनकी आत्मा महान होती है वही महात्मा होते हैं। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस के मार्गदर्शन में यह यात्रा की विदाई संपन्न हुई। महाकुंभ जाने वालों में बालयोगी संत विभु सुमनजी, ब्रह्मचारी सूर्य मंदिर छतरपुर, विश्वनाथ बाबा-शिव मंदिर बैरियाडीह, सरयू बाबा-टूईं मंदिर-पिंडराही, शिवानंद जी-पाटन हरैया, रामजी बाबा-बैरियाडीह, गणेश जी-सूर्य मंदिर करमाकला, हरिदासजी-चराईं, कुम्मी-नावाबाजार वैद्यनाथ भगत-छतरपुर, विनोद सिंह-पिंडराही, शशगया सिंहप्रभा देवीसोना कुंवर-रूदसीताराम-बारडीहा, द्वारिकासिंह-ग्राम-भंडारगढ़ा, चंदवाबरनी देवी शामिल है। इस अवसर पर चराइ के बबन ठाकुर पंचायत डाली बाजार के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी मौजूद थे।

# जपला एके सिंह कॉलेज में एनएसएस के तत्वावधान में पराक्रम दिवस का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला एके सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सूर्यमणि सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, एसीएस डॉक्टर शिवकुमार विश्वकर्मा, नामांकन प्रभारी प्रोफेसर सुधीर कुमार सिंह, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साहस, देशभक्ति और कुशल नेतृत्व क्षमता का प्रत्यक्ष उदाहरण देश के स्वतंत्रता संग्राम में देखने को मिला है। सभी युवाओं को उनके व्यक्तित्व से सीख लेने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रोफेसर सुधीर कुमार सिंह, प डॉ राम सुभग सिंह, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, एकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, स्वयंसेवक आलोक कुमार विश्वकर्मा, संजू कुमारी यादव, कुंदन कुमार, दिव्या कुमारी, संदीप कुमार, खुशबू कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, शिखा सिंह, बिट्टू कुमार, प्रिया कुमारी, नेहा कुमारी, आसमा परवीन, प्रियांशु कुमार, अंशु कुमारी आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रो राजेश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया।

## सतबरवा के मलय डैम में जिला स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला का मंत्री एवं डीसी ने किया शुभारंभ

# पलामू के सर्वांगीण विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास आवश्यक : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना, विकास एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि किसी भी राज्य या जिले के विकास के लिए जरूरी है कि वहां की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो। यह तभी संभव होगा जब आपके क्षेत्र में संचालित प्राथमिक पाठशाला सुचारू रूप से बच्चों को शिक्षित करें। क्योंकि प्राथमिक पाठशाला से ही शिक्षा की नींव पड़ती है। इस नींव को मजबूत करने में आप सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका है। वित्त मंत्री शुक्रवार को सतबरवा के मलय डैम में आयोजित जिला स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से



पंचायत सशक्तिकरण कार्याशाला का उद्घाटन करते वित्त मंत्री, डीसी व अन्य।

नियमित रूप से विद्यालय में बच्चों को दिए जा रहे शिक्षा व मिड डे मिल का निरीक्षण करने की बात कही। कहा कि अबुआ आवास का लाभ आवास सूची के सीरियल नंबर के अनुरूप ही मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अगर किसी क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई समस्या या शिकायत हो तो मेरा मोबाइल नंबर 9431135292 पर व्हाट्सएप करें, मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि आप सभी ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि हैं। हमारा भारत गांवों का देश है। ऐसे में जब हमारे गांव-टोले विकसित होंगे तो स्वतः ही हमारा देश विकसित होगा। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सभी एएनएम को प्रशिक्षण देने की योजना पर कार्य करनी होगी। कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं उनके आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध होगी। कहा कि पलामू के सर्वांगीण विकास के लिये सभी जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। दूसरी ओर, कार्यशाला को संबोधित करते हुए पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि जिले के विकास में आप सभी जनप्रतिनिधियों का अहम स्थान है। कार्यशाला का उद्देश्य आप सभी को विभिन्न योजनाओं से अवगत कराना है। कहा कि प्रशासन और आपसभी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तो निश्चित ही परिणाम सुखद होंगे। इस कार्यशाला में 15 से अधिक विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से आपको अवगत कराया जा रहा है। इस तरह के कार्यशाला को भविष्य में निरंतर कराये जाने की योजना है। इसी क्रम में उन्होंने सभी से अपने क्षेत्र अंतर्गत पीवीटीजी समूह के विकास पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। इससे पहले वित्त मंत्री, पलामू जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी शब्बीर अहमद व जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर जिला स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यशाला में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को बालिकाओं के सशक्तिकरण की शपथ दिलायी गयी। बतातें चलें कि कार्यशाला में आये विभिन्न जनप्रतिनिधियों को 15 से अधिक विभागों की ओर से संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान समाज कल्याण विभाग, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, गव्य, भूमि, संरक्षण, आपूर्ति, कल्याण, स्वास्थ्य, उद्यान और मत्स्य सहित अन्य विभागों के पदाधिकारियों द्वारा योजना से संबंधित जानकारी दी गयी। किस योजना का सक्षम पदाधिकारी कौन है, कैसे आवेदन करना है, कहां शिकायत करनी है इन सभी बिंदुओं से सभी को अवगत कराया गया। इस अवसर पर कुछ जनप्रतिनिधियों ने वित्तमंत्री को अपने विचारों से अवगत कराया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

